दैनिक जागरण 13/01/2026

राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करता स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व स्टाफ • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी व जीएमएन कालेज आफ नर्सिंग द्वारा रन फार स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाना व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करना रहा। इस अवसर पर नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डा. रामलखन माली भी मौजूद रहे। जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों को अपनाना न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, बल्कि राष्ट्रीय चेतना एवं आत्मगौरव को भी सुदृढ़ करता है।